# ये वादा है | By Neha Dwivedi

हर ग्यारस पे दर्शन करने आएंगे
ये वादा है दर श्याम के जाएंगे

खाटू की गलियों की हमको भा गयी पावन मिटटी
इसी मिटटी में किस्मत हमने रोज़ बदलते देखी
खाटू जाकर माथे इसे लगाएंगे
ये वादा है दर श्याम के जाएंगे

हार गया जो इस दुनिया से श्याम है उसका साथी
भगतों की हर मुश्किल पहले श्याम से है टकराती
हम भी अपनी मुश्किल उसे बताएँगे
ये वादा है दर श्याम के जाएंगे

श्याम के दर पे राजा और महाराजा हाथ पसारे
श्याम धनी लखदातारी सबके भरता भंडारे
झोली भरकर शर्मा हम भी लाएंगे
ये वादा है दर श्याम के जाएंगे
हर ग्यारस पे ........

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%af%e0%a5%87-%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%a6%e0%a4%be-%e0%a4%b9%e0%a5%88-by-neha-dwivedi/